85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं को पोस्टत बैलेट की सुविधा दी जाएगी

# रोहतास जिले में अंतिम चरण में एक जून को वोटिंग होगी : जिलाधिकारी

- रोहतास-बक्सर में फैले तीन लोकसभा में 1 जून को वोटिंग
- जिले के सात विधानसभा में 2.24 लाख वोटर

निज संवाददाता



सासाराम (रोहतास)। रोहतास डीएम नवीन कुमार ने शनिवार देर शाम समाहरणालय के सभाकक्ष में प्रेसवार्ता की। डीएम ने बताया कि रोहतास जिले में अंतिम चरण में एक जून को वोटिंग होगी। जिले में सात विधान सभा क्षेत्र हैं, जिसमें तीन में सासाराम लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जायेंगे। तीन विधानसभा क्षेत्र नोखा, डेहरी, कराकाट में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जायेंगे। जबकि दिनारा विधानसभा क्षेत्र में बक्सर लोकसभा के लिए वोट डाले जायेंगे। बताया कि जिले में कुल 2243264 मतदाता वोट करेंगे, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1167192 एवं महिला मतदाता 1076012 है। जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 60 है। बताया कि कुल 51220 महिला मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है, जिससे जिले में मतदाताओं में महिला पुरूष अनुपात पहले से बेहतर हुआ है। 2019 के लोकसभा चुनाव में एक हजार पुरूष मतदाताओं पर महिला मतदाताओं की संख्या 910 थी, जो अब बढ़कर 921 हो गई है। बताया कि युवा मतदाताओं पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। 18 से 29 साल के 82065 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं को पोस्टत बैलेट की सुविधा दी जाएगी।

सभी छात्राओं को उपचार के लिए लाया गया सदर अस्पताल भभुआ

# स्कूल से लौटने के दौरान ई-रिक्शा के पलटने से सात छात्रा हुई घायल

- कैमूर के सोनहन क्षेत्र में हुआ हादसा
- फिलहाल सभी की स्थिति खतरे से बाहर

निज संवाददाता



सोनहन (कैमूर)। कैमूर के सोनहन थाना के पास ई-रिक्शा के पलटने से सात छात्रा घायल हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को देते हुए सभी छात्राओं को उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया है। सभी छात्राएं स्कूल में पढ़ाई करने के बाद ई-रिक्शा पर सवार होकर सोनहन थाना क्षेत्र के कवई जा रही थी।

फिलहाल सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। घायलों में सोनहन थाना क्षेत्र कवई गांव निवासी राजकेश्वर राम की पुत्री सोना कुमारी, रंग बहादुर राम की पुत्री संतोषी कुमारी, सीता राम की पुत्री नीतू कुमारी, अमित राम की पुत्री सावित्री कुमारी, जोगिंदर राम की पुत्री रानी कुमारी, दूधनाथ राम की पुत्री चंपा कुमारी, ईश्वर दयाल राम की पुत्री प्रीति कुमारी है। घायल छात्राओं ने बताया कि सभी राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोनहन से पढ़कर ई-रिक्शा पर सवार होकर अपने गांव के लिए जा रही थी। अकोढी के ग्रामीण दीपक उपाध्याय ने बताया कि सोनहन के स्कूल में पढ़ाई खत्म होने के बाद सभी छात्राएं ई-रिक्शा पर सवार होकर अपने गांव कवई जा रही थी। जैसे ही सोनहन थाना के पास गाड़ी पहुंची तभी हादसा हो गया।

# इलेक्ट्रिक दुकान में अगरबत्ती से आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। शकूराबाद थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से एक इलेक्ट्रिक दुकान में आग लग गई जिसके कारण दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि रसीदपुर गांव निवासी विनोद कुमार का शकूराबाद में इलेक्ट्रिक उपकरण का दुकान है। शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चले गये। अचानक दुकान में आग लग गई। आसपास के लोगों ने जब बंद दुकान से आग एवं धुआं निकलते देखा तो इसकी सूचना दुकान के मालिक एवं फायर ब्रिगेड को दिया और बाल्टी में पानी भर कर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं ग्रामीणों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखा 38 हजार नगद सहित दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान के मालिक विनोद कुमार ने बताया कि इस अगलगी की घटना में दुकान में रखा सारा सामान जल गया है जिसके कारण करीब 2 लाख से अधिक का नुकसान हो गया है। पीड़ित दुकानदार ने मुआवजे को लेकर थाना एवं अंचल कार्यालय में आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि सनहा दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## भू-अर्जन पदाधिकारी के बैंक खाते से 1.05 लाख उड़ाए

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)**। कैमूर के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के एसबीआई बैंक खाता से साइबर अपराधियों ने 1.05 लाख रुपया उड़ा लिए। उक्त मामले में भू-अर्जन पदाधिकारी मो. उमैर द्वारा नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। रोहतास जिला के नासरीगंज निवासी भू-अर्जन पदाधिकारी ने दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि 26 जनवरी को झंडोतोलन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में उनका मोबाइल निकाल लिया गया, जिसका सनहा उसी दिन नगर थाना में दर्ज कराते हुए डीएम को लिखित सूचना दी गई। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि 6 मार्च को पटना हाईकोर्ट में काउंटर अफेडेविट दाखिल करते समय उनके मोबाइल पर कॉल कर बताया कि पटना कोतवाली थाना से बोल रहे है दारोगाजी।

# नई शिक्षा नीति में एनसीसी सिलेबस का होगा एक पार्ट : कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी एस मलिक

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के दौरे पर आए 42 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी एस मलिक शनिवार को हाई स्कूल बरौली पहुंचे। जहां एनसीसी कैडेटों के साथ उनका इंटरैक्शन सेशन हुआ। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में एनसीसी सिलेबस का एक पार्ट होगा। इससे एनसीसी कैडेटों को दोहरा फायदा होगा। उन्हें एनसीसी से सर्टिफिकेट तो मिलेगा ही समान्य परीक्षा में एनसीसी के पेपर में वो बेहतर अंक प्राप्त कर पाएंगे। सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बच्चे एनसीसी से जुड़ें। इसके पूर्व कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी एस मलिक का विद्यालय पर पहुंचने पर एनसीसी पदाधिकारी सैकेण्ड ऑफिसर बलवन्त कुमार सिंह जे डी ने स्वागत किया। फिर कमांडिंग ऑफिसर विद्यालय के एनसीसी कैंडेटों से मिले। कैंडेटों में काफी उत्साह देखने को मिला। कमांडिंग ऑफिसर द्वारा एनसीसी कार्यालय में निरीक्षण किया गया। स्कूल के परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। फिर कैंडेटों से बात चित की। उनको एनसीसी का सर्वोतम महत्व बताया गया। सेना में जाने के लिए एनसीसी का क्या योगदान है। अग्निवीर में एनसीसी कैडेट कैसे भर्ती ले सकते हैं, इन सभी बातों को कमांडिंग ऑफिसर द्वारा कैडेटो को बतायागया। स्कूल पर मौजूद नायब सूबेदार सुमेर सिंह साथ ही विद्यालय के कुछ कर्मचारियों का भी सहयोग रहा।

मोहनिया में घूम-घूमकर बेच रहे थे नशे का इंजेक्शन

# छापेमारी के दौरान 76 पीस नशीला इंजेक्शन के साथ पुलिस ने दो सगे भाई को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)**। कैमूर के मोहनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहनिया शहर के वार्ड नंबर 7 में छापेमारी करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ लिया है। उनके पास से अलग-अलग कंपनी के कुल 76 पीस नशीला इंजेक्शन पाया गया है। एक यूज किया हुआ नीडील और 38 पीस नया नीडील भी बरामद हुआ है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं जो मोहनिया शहर में घूम-घूम कर नशे का इंजेक्शन बिक्री कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में मोहनिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 स्थित स्टुरगंज मोहल्ला के अलाउद्दीन कुरैशी का पुत्र फिरोज कुरैशी और अफरोज कुरैशी बताये जा रहे हैं। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ कर आगे की और जानकारी लेने में जुटी हुई थी। मोहनिया थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया गुप्त सूचना मिली थी कि मोहनिया शहर के स्टुवरगंज में फिरोज कुरैशी और अफरोज कुरैशी इंजेक्शन बेच रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार के नेतृत्व में गठन किया गया। र और मोहनिया थाना के रिजर्व गार्ड को मामले के सत्यापन को लेकर स्टुवरगंज भेजा गया तो दो आरोपियों को संदिग्ध स्थिति देख पकड़ा गया। जब उनके पास मौजूद झोले की तलाशी ली गई तो झोले में प्रतिबंधित नशीली अलग-अलग ब्रांड के कल 76 पीस नशीला इंजेक्शन बरामद हुआ है और 38 पीस नया नीडील और 5 एमएल का एक उपयोग किया हुआ सिरिंज जब्त हुआ है। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर मोहनिया थाना लाया गया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

## चार शराबियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भगवानपुर/रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)**। भगवानपुर व बेलांव थाने की पुलिस ने चार शराबियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराबियों में बेलांव थाना क्षेत्र के नौहट्टा गांव निवासी चंदन कुमार, भगवानपुर के विपिन कुमार, शशि कुमार व विंध्याचल पासवान शामिल हैं। अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। उनके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बेलांव थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि बेलांव बाजार में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। शशि व विंध्याचल को रोककर पूछताछ करने के दौरान उनके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। आशंका पर मेडिकल जांच कराई गई, तो शराब पीने की बात सामने आई।

# चलती ट्रेन से गिरने से एक यात्रि की मौत कोर्ट हॉल्ट से ट्रेन पड़कर जा रहा था पटना

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। पटना-गया रेल खंड पर कोर्ट हाल्ट के समीप चलती ट्रेन से गिरने से एक यात्रि की मौत हो गई। मृतक की पहचान होरिलगंज निवासी शैलेश कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार वह कोर्ट हॉल्ट से ट्रेन पड़कर पटना जा रहा था। अधिक भीड़ होने की वजह से वह गेट पर ही यात्रा कर रहा था। शिक्षक भर्ती परीक्षा को ले ट्रेनों पर काफी भीड़ चल रही थी। गेट पर यात्रियों के भारी दवाब से असंतुलित होकर वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। उसके बाद घटना की सूचना रेल थाने के पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच की। घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शैलेश एलआईसी एजेंट था। वह परिवार का इकलौता कमाउ सदस्य था। मौत के बाद परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों ने रेलवे से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# डीएम ने बैठक में चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। आगामी लोकसभा चुनाव के सफलता पूर्वक संचालन को लेकर जिला प्रशासन की गतिविधियां तेज हो गई है। चुनाव को लेकर जिले में कुल-25 कोषांगो का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कोषांगो के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक कर अब तक की चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्वाचन के कार्यो को गंभीरता से लेने और ससमय कार्यो को पूर्ण करने को ले डीएम ने उन्हें कई जरूरी हिदायतें दी। डीएम ने कहा है कि सभी पदाधिकारी पूर्व में निर्वाचन कार्यो से संबंद्ध रहे हैं और अनुभवी भी हैं। उन्होने कहा कि सभी कोषांग तत्काल प्रभाव से क्रियाशील हो जाएंगे। सभी नोडल पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग तथा राज्य निर्वाचन विभाग से प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशों का गंभीरता से अवलोकन करेगे एवं उनका अनुपालन ससमय सुनिश्चित करें। साथ ही सभी कोषांग आपस में समन्वय रखते हुए कार्यो का निष्पादन सुनिश्चित करेगे। सभी नोडल पदाधिकारी कोषांग में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच कार्यों का बंटवारा करेंगे।

## विभिन्न दुर्घटनाओं में चार महिला सहित नौ घायल

**भभुआ/भगवानपुर (कैमूर) (नि.सं.)**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में चार महिला सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों में सोनहन थाना क्षेत्र के पंची के रामजी राम, भभुआ थाना क्षेत्र के मोकरी की धनवरती देवी, रुद्रवारकला की प्रभावती देवी, भभुआ की गुड़िया देवी, अखलासपुर के नसीम इद्रीसी, भभुआ शहर के वार्ड दो की देवंती देवी,मोकरी के कपिलमुनि, भगवानपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी सुनील तिवारी तथा बगल के हीं मानिकपुर गांव निवासी चुन्नू बिंद शामिल हैं। सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। बसंतपुर-भभुआ नहर पथ के खीरी व कसेर के बीच में बाइक पलटने से सुनील चुन्नू घायल हो गए।

# पुरुष नसबंदी में रोहतास जिला पटना प्रमंडल में रहा अव्वल बेहतर कार्य को लेकर पीएचसी एएनएम हुई सम्मानित

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)**। पुरुष नसबंदी में रोहतास जिला पटना प्रमंडल में सर्वाधिक नसबंदी करवा कर प्रथम स्थान पर रहा। जिसे लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति को पुरस्कृत किया गया। वहीं पीएचसी प्रबंधक मतिऊर रहमान ने बताया कि रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी 2023 से लेकर दिसंबर 2023 तक जिले में 298 पुरुषों का नसबंदी कराया। जिसकी जानकारी देते हुए डीसी संजीव मधुकर ने बताया कि जागरूकता की वजह से पुरुष अपना नसबंदी करवा रहे है और लोगों को संदेश दे रहें है की पुरुष नसबंदी पूरी तरह से कारगर है और महिला बंध्याकरण से काफी सरल है। बताया कि पूरे पटना प्रमंडल में रोहतास जिला प्रथम स्थान पर रहा है।

कोचस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम प्रमिला कुमारी को भी उनके बेहतर कार्य के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से सम्मानित किया गया। प्रमिला कुमारी ने परिवार नियोजन संसाधनों को इस्तेमाल करवाने में अहम भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार प्रमिला कुमारी ने अप्रैल 2023 से लेकर जनवरी 2024 तक 529 पीपी आईयूसीडी लगाया है। इसकी जानकारी देते हुए पीएचसी प्रबंधक मतिऊर रहमान ने बताया की ऐसे कार्यों के लिए प्रमिला कुमारी को इसके पहले भी एक बार राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा और तीन बार जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

शेश पेज 01

**ऐलान : सात चरणों में होगा लोस चुनाव....**

17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम की विधानसभाओं का कार्यकाल भी जून 2024 में खत्म होने वाला है। जम्मू और कश्मीर में भी चुनाव होने हैं। आम चुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सपा जैसे विपक्षी दलों के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन से होगा। पीएम मोदी जहां बीजेपी के 370 और एनडीए के 400 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं तो वहीं विपक्षी दलों ने अपनी जीत के दावे किए हैं। अब तक बीजेपी ने उम्मीदवारों की दो सूची जारी की है, जिसमें कुल 267 कैंडिडेट्स के नाम घोषित किए गए हैं। उधर, कांग्रेस भी अब तक दो लिस्ट जारी कर चुकी है। पहली लिस्ट में 39 और दूसरी लिस्ट में 43 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था। पिछला लोकसभा चुनाव साल 2019 में अप्रैल-मई महीने में करवाया गया था। कुल सात चरणों में हुए मतदान के बाद 23 मई को वोटों की गिनती हुई थी। बीजेपी ने अकेले दम पर लगातार दूसरी बार बहुमत हासिल करते हुए 303 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 52 सीटों पर जीत मिली थी।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा 'हेल्दी बेबी शो' का किया गया आयोजन

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)**। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति माता पिता को जागरुक रखने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में केन्दीय चिकित्सालय, पटना में ''हेल्दी बेबी शो'' का आयोजन किया गया। उपरोक्त आयोजन में बड़ी संख्या में रेलकर्मी अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुए। केन्द्रीय चिकित्सालय, पटना के डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी बच्चों के स्वास्थ्य की गहन जांच की गयी। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों के बीच पारितोशिक वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सचिव मीनाक्षी कुमार एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं।

# भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद, पुलिस को देख बैग छोड़कर फरार हुए तस्कर

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पुलिस ने देसी शराब की खेप को एक बड़े बैग से बरामद किया। बताया जा रहा हैं कि जीआरपी और आरपीएफ के द्वारा संयुक्त रूप से प्लेटफार्म पर जांच अभियान चलाया जा रहा था, जहां पुलिस को देख तस्कर लावारिस हालत में शराब छोड़ कर फरार हो गए। जीआरपी के एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि राजकीय रेल पुलिस और रेलवे पुलिस फोर्स द्वारा प्लेटफार्म पर होली में सुरक्षा व्यवस्था को ले सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर लावारिस हालत में बैग बरामद किया गया, जिसमें देसी शराब की खेप बरामद किया गया है।

बताया कि मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं है। वहीं तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा हैं। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी ने बताया कि आगामी होली पर्व त्योहार के मद्देनजर सासाराम जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए रेल प्रतिक्षा में बैठे सभी रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल टीम के साथ निरीक्षक प्रभारी संजीव कुमार एवं जीआरपी प्रभारी विक्रान्त सिंह के नेतृत्व में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सभी घायलों को इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया भर्ती

# बारातियों से भरी बोलरो और ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ंत, एक की मौत, छह लोग घायल



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया में शुक्रवार की रात बारातियों से भरी बोलरो और ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ंत हो गई। इसमें 1 बाराती की मौत हो गई। जबकि 6 गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। हालांकि घायलों में 3 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथवलिया-लोहियरिया मुख्य मार्ग स्थित बरवाचाप पैक्स गोदाम के पास की है। बताया जाता है कि बारातियों से भरी बोलरो लोहियरिया की तरफ से कैथवलिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान टेंट का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। इसके बाद अनियंत्रित बोलरो ने बिजली के खंभे को तोड़ते हुए गड्ढे में पलट गई। इससे बोलरो चालक समेत 5 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हालांकि ग्रामीणों ने बोलेरो को सीधा कर घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी चनपटिया में भर्ती कराया है। जहां 3 की स्थिति नाजुक देख प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने GMCH रेफर कर दिया है।

जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई है। बेतिया के कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआवर गांव के विजय प्रसाद कुशवाहा का बेटा सतीश कुमार की शादी में सभी बोलरो पर सवार होकर लौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबौलिया बारात जा रहे थे। मृतक बोलरो ड्राइवर की पहचान कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत जबदौल गांव निवासी आनंद दुबे का बेटा मुकेश कुमार दूबे(28) के रूप में की गई है। जबकि घायलों की पहचान कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआवर गांव निवासी स्वर्गीय विषुन महतो के 60 वर्षीय बेटा अकबली प्रसाद, स्वर्गीय भोला शाह 65 साल का बेटा शेषनाथ साह, स्वर्गीय रामप्रीत महतो के 62 साल का बेटा शत्रुघ्न प्रसाद, मनलाल शर्मा के 25 साल का बेटा सत्येंद्र कुमार, विकाउ यादव का 25 साल का बेटा विरेंद्र यादव और 45 साल का नखराथ पंडित के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि शत्रुघ्न प्रसाद की स्थिति गंभीर है। उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया तो परिजन गोरखपुर लेकर चले गए है। वहीं पांच का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है।

## मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

निज संवाददाता



**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना नरकटियागंज-सुगौली रेलखंड स्थित बेतिया रेलवे स्टेशन के पास पिलर संख्या 209/12 के पास की है। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा है। मामले की जांच में जुटी हुई है। जीआरपी थानाध्यक्ष राजेश पंडित ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर की है। मृतक की पहचान मनुआपुल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी 38 वर्षीय संजय पांडेय के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि दोपहर में बेतिया से मालगाड़ी नरकटियागंज की ओर गुजरी थी। उसी के चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने जीआरपी पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे जीआरपी के सुनील कुमार, रोहित कुमार यादव सहित पुलिस बल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल भेज दिया।

सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के शिनाख्त के बाद शव की पहचान हुई। इधर, घटना की सूचना पर पीएमसीएच पोस्टमार्टम कराने पहुंचे मृतक शख्स के साढ़ू रंजीत पांडेय ने बताया कि संजय के परिजनों को घटना की सूचना जीआरपी के अधिकारियों ने फोन पर दी है। उन्होंने बताया कि उसके दो बेटे और दो बेटी है। वहीं, अस्पताल पहुंचे संजय के बेटे जसवंत ने बताया कि उसके पिता शुक्रवार की शाम घर से निकले थे। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, 30 लाख का सामान जलकर राख

निज संवाददाता



**मधुबनी**। मधुबनी के टाउन क्लब वार्ड नंबर 23 के पास शुक्रवार की देर रात स्थित फल के होल विक्रेता के दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगा। कोल्ड स्टोरेज के बगल में स्थित घर को आग अपने चपेट में ले लिया। गृहस्वामी उस वक्त घर में ही मौजूद थे। आग लगने के बाद गृह स्वामी जोर-जोर से आग लग गया चिल्लाने लगे। जिसके बाद पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। सभी लोग कोल्ड स्टोरेज और घर में लगे आग को बुझाने में लग गए। लेकिन आग अपना उग्र रूप धारण कर लिया था। अगलगी की घटना में कोल्ड स्टोरेज गोदाम में रखे फल और घर में सभी सामान जलकर राख हो गया। वहीं अगलगी की घटना की सूचना लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग को दी गई। गृहस्वामी राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि अग्निशमन विभाग को अगलगी की सूचना देने के बाद भी अग्निशमन विभाग की गाड़ी समय पर नहीं पहुंची।

अगलगी की घटना से महज 200 मीटर दूर अग्निशमन विभाग का थाना है। लेकिन अगलगी की घटना की सूचना मिलने के बाद भी समय पर नहीं पहुंच सका। अगर समय पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचती तो आग पर काबू पाया जा सकता था। लेकिन देरी होने की वजह से कोल्ड स्टोरेज गोदाम में रखे फल और घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गया। गृहस्वामी राजेश कुमार ने बताया कि करीब 15 लाख रुपए से अधिक की हुई इस अगलगी की घटना में क्षति हुई है। गृहस्वामी द्वारा अगलगी की घटना में हुए क्षति के संबंध में थाना को लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं कोल्ड स्टोरेज गोदाम में रखे फल इस अगलगी की घटना में हुए क्षति करीब 15 लाख रुपए का बताया जा रहा है।

## दो पक्षों में मारपीट पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)**। बेतिया बस स्टैंड के पूर्वी गेट पर बस खुलने की टाइमिंग को लेकर शनिवार दोपहर दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पर पहुंची नगर और मुफस्सिल थाने की पुलिस 5 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मारपीट के दौरान स्थानीय दुकानदारों ने एक राउंड फायरिंग की आवाज सुनने की बात कही है। लेकिन पुलिस ने फायरिंग की घटना से इनकार किया है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बस स्टैंड में गाड़ी खुलने की टाइमिंग को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। 5 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। फायरिंग की बात अफवाह है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार दोपहर बगहा जाने वाली एक बस, स्टैंड के पूर्वी गेट पर खड़ी थी। इसी बीच पीछे से दूसरी बस आई। दूसरे बस संचालक ने आगे खड़ी बस चालक से कहा कि आपके बस के खुलने का टाइम हो गया है, बस आगे बढाइए। ताकि पीछे वाली बस यात्रियों को बैठाने के लिए इस जगह पर खड़ी हो सके। चालक ने टाइम पूरा नहीं होने की बात कहकर बस आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया। तब दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के समर्थक एकत्रित हो गए और मारपीट शुरू हो गई। वहीं मारपीट के घटना को लेकर आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके से पांच लोगों को हिरासत में ली है। वहीं दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## घर में डकैती करने वाले दो गिरफ्तार, कट्टा और एक जिन्दा कारतूस किया गया बरामद

निज संवाददाता



**पूर्णिया**। पूर्णिया के डगरूआ में शादी वाले घर में डकैती हुई थी। मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। 13-14 मार्च की देर रात हथियार से लैस 8 से 10 की संख्या में आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। दूल्हे और उसके घरवालों को बंधक बनाकर बदमाशों ने 20 हजार रुपए कैश और एक लाख के जेवरात लूट लिए थे। पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले 2 बदमाशों को एक देशी कट्टा और एक जिन्दा कारतुस के साथ धर दबोचा है। बीते 10 मार्च को अररिया के पलासी में हुई डकैती में भी ये दोनों बदमाश शामिल थे। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए बदमाशों में अररिया जिले के जोकीहाट थाना निवासी रजाउल का बेटा सब्बीर व अमौर थाना क्षेत्र के दलमालपुर गांव निवासी जाबुल का बेटा मो. मोईस (47) शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस, लूट की घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो, 11 जोड़ी पुरानी चप्पल, आधार कार्ड, एक स्क्रीनटच मोबाइल और 2 हजार रुपए कैश शामिल है। डगरूआ एसडीपीओ आदित्य कुमार ने बताया कि 13-14 मार्च की देर रात करीब 1 बजे डगरूआ थाना के तेघरा पंचायत अंतर्गत आने वाले दोघरिया गांव में शोभानंद विश्वास के बेटे दीपक कुमार की शादी समारोह की तैयारी चल रही थी। घर में खुशियों का माहौल था।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**शेखपुरा (नि.सं.)**। शेखपुरा में शनिवार को सदर प्रखंड के गगरी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रांगण में निशुल्क समेकित मोबाइल HIV जागरूकता परामर्श स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 125 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अभय कुमार, स्वास्थ्य कर्मियों में निशा गुड़िया, सुनीता कुमारी, एलटी दीपक कुमार परामर्शी, आनंद कुमार, रोशन कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस मामले में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अभय कुमार ने बताया कि शिविर में एक भी व्यक्ति HIV पॉजिटिव नहीं मिले। उन्होंने बताया कि इस जिले में पिछले 10 साल के अंतराल कुल 385 HIV पॉजिटिव मरीज मिले। इन सभी मरीजों को मुफ्त में दवा उपलब्ध कराई जा रही है।

## शिक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती नहीं जाएगी : जिलाधिकारी तुषार सिंगला

- शिक्षा पदाधिकारियों को मिले नौ टास्क

निज संवाददाता



**किशनगंज**। किशनगंज डीएम तुषार सिंगला ने शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया है। इस बैठक का आयोजन समाहरणालय अंतर्गत स्थित डीएम कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी है। बैठक में जिला अधिकारी तुषार सिंगला ने शिक्षा विभाग के सभी प्रकार की कार्यक्रमों की समीक्षा की है। साथ ही संबंधित शिक्षा पदाधिकारियों को 9 सूत्रीय टास्क दिए है, जिनमें विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 75% से अधिक कराना, एफएलएन किट का समुचित उपयोग, ICT लेब के तहत कंप्यूटर उपलब्ध कराना, प्रीफैब स्ट्रक्चर का निरीक्षण आदि शामिल है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और क्वालिटी फूड से किसी तरह की समझौता नहीं करने की हिदायत दी गई है।

शिक्षकों की लेटलतीफी और बच्चों की हाजिरी को लेकर सख्त हिदायत दिए गए हैं। डीएम तुषार सिंगला ने इस दौरान कहा कि शिक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती नहीं जाएगी, किसी भी तरह की लापरवाही या कार्यों में कटौती होने से सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह संबंधित विभागों की समीक्षा कर डाटा स्टोर करने का भी निर्देश दिए है। इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी तुषार सिंगला के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी मोतीउर रहमान, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग, सभी प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग अंतर्गत कनीय अभियंता तथा शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)**। पटना में रेल पुलिस ने 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जो सुनसान जगहों पर छिनतई की घटना को अंजाम देते थे। अपराधियों के पास से एक चाकू और 7 मोबाइल बरामद हुआ है। सभी नशे का आदि है। बीते 10 मार्च को चंदन कुमार नामक युवक को तीनों अपराधियों ने छिनतई के दौरान पैर में चाकू मार दिया था। चंदन घटना वाले दिन एनएमसीएच पटना से शीतला मंदिर होते हुए रेलवे पटरी पकड़कर गुलजारबाग स्टेशन की ओर जा रहा थ। इस दौरान बदमाशों को लगा कि उसके पास कोई कीमती सामान है। लूटपाट के दौरन चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। गिरने से युवक के सिर में काफी चोटें आई थी। इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। इस संबंध में रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने बताया कि परिवार आवेदन देने कि स्थिति में नहीं था, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन और एसएसबी जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति का दिया संदेश

निज संवाददाता



**बांका**। बांका में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश में पुलिस प्रशासन और एसएसबी जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया जा रहा है। जिले के सभी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है। वहीं, जिले के अंदर प्रवेश करने वाले छोटी बड़ी वाहनों की डिक्की खोलकर सघन तलाशी ली जा रही है। शनिवार को भी बांका के विभिन्न थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च और वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण, भयमुक्त, निष्पक्ष कराने को लेकर पुलिस ने एसएसबी जवान के साथ फ्लैग मार्च निकाला। रजौन थाने से एसआई संजय कुमार और भरत यादव और एसएसबी से उप निरीक्षक कपूर चांद, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह के संयुक्त में रजौन और पुनसिया बाजार के भागलपुर-हंसडीहा सड़क मार्ग और थाना क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों और संवेदनशील क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया। इस दौरान एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल के जवानों ने लोगों को बिना किसी भय के शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने, मतदान में सत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों को हिदायत देते हुए कहा कि चुनाव में किसी प्रकार का अपवाह फैलाने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में काफी संख्या में पुलिस बल के जवान और एसएसबी जवान शामिल थे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस और एसएसबी जवान द्वारा जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान भागलपुर-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान सभी आने-जाने वाले लोगों की गाड़ी की डिक्की और जरूरी कागजात की बारीकी से जांच की गई। एसआई संजय कुमार और भरत यादव और एसएसबी से उप निरीक्षक कपूर चांद, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह के संयुक्त में चाचा अभियान चलाया गया।

## लूटपाट करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता



**जमुई**। जमुई में सिकंदरा-शेखपुरा मुख्य मार्ग पिरहिंडा के पास एक पिकअप को रुकवा कर की गई लूटपाट मामले में पुलिस ने घटना के दो घंटे के अंदर लूटपाट में शामिल दो लुटेरे को गिरफ्तार किया है। सिकंदरा थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 01:45 बजे छपरा से जमुई के गिद्धौर चना लोड कर जा रहे। पिकअप चालक एवं व्यापारी से पिरहिंडा गांव के समीप तीन अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा बैरियर लगाकर चालक और व्यापारी से देसी कट्टा का भय दिखाकर मारपीट कर 30 हजार रुपया लूट लिया गया था। इसे लेकर पीड़ित व्यापारी द्वारा इसकी सूचना सिकंदरा थाने को दी गई थी। घटना के बाद एसपी डॉ. शौर्य सुमन के निर्देश पर एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम में शामिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार, अवर निरीक्षक उपेंद्र पाठक, दिलीप कुमार, जय नंदन बैठा के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घंटे के अंदर लूट की घटना का उद्भेदन करते हुए एवं घटना में संलिप्त लुटेरे सिकंदरा थाना क्षेत्र के अचम्भो गांव निवासी अखिलेश कुमार उर्फ बुनीमा पिता अवधेश सिंह, पिरहिंडा गांव निवासी सूरज कुमार पिता कमलेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान दोनों के पास से लूटी गयी कुल 5300 रुपया एवं एक मोबाइल को बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष चंदन कुमोर ने बताया कि लुटेरों के खिलाफ पिकअप चालक भोजपुर जिले के कोईलवर थाना के बिशनपुर निवासी मनबोद कुमार पिता सुगन पासवान के द्वारा सिकंदरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए दो अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि इस कांड में शामिल एक अन्य अपराधी जिसके नाम का खुलासा नहीं किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## बच्चों को एमडीएम में अंडा और फल देना अनिवार्य एमडीएम पंजी 11 बजे तक होंगे अपडेट

निज संवाददाता

**दरभंगा**। विद्यालयों में सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पहले घंटी में सुबह 10 बजे तक पंजी में दर्ज करना अनिवार्य है। मध्याह्न भोजन योजना पंजी को सुबह 11 बजे तक अपडेट करना आवश्यक होगा। उपस्थिति दर्ज होने के बाद फल और अंडा खाने वाले बच्चों की वांछित संख्या चिह्नित कर वेंडर से अंडा या फल (सेब-केला) लिया जाएगा। अंडा खाने वाले चिह्नित छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुरूप अंडे उबाले जाएगे। अंडा या फल गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए, इस आशय का आदेश मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने जारी किया है। कहा है कि बच्चों को अंडा या फल यथासंभव मध्याह्न भोजन के साथ देना है। यदि स्थानीय कारणों से देर होता है तो अवकाश के समय दिया जा सकता है। साथ ही यह सुनिश्चित हो कि सभी बच्चों को अंडा या फल मिल गया है। यदि अंडा-फल बच्चों के वितरण करने के बाद बच जाता है, तो यह समझा जाएगा की बच्चों की भौतिक उपस्थिति के आधार पर अंडा या फल वेंडर से प्राप्त नहीं किया गया है। बचे हुए अंडा-फल को किसी भी परिस्थिति में अगले कार्य दिवस में खाने के लिए नहीं दिया जाना है। इससे फूड प्वाइजनिंग की संभावना रहेगी।

ताजा अंडा-फल ही बच्चों को खाने के लिए उपलब्ध कराया जाना है। कटा हुआ खराब अंडा-फल किसी भी परिस्थिति में बच्चों को खाने के लिए नहीं दिया जाएगा। निदेशक ने स्पष्ट किया है कि प्रधान शिक्षक के अवकाश पर रहने से मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित सभी पंजी प्रभारी या वरीय शिक्षक को अनिवार्य रूप से हस्तगत कराना होगा। निदेशक ने कहा है कि नवंबर 2017 से मध्याह्न भोजन योजना की साप्ताहिक मेन्यू में प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को एक संपूर्ण उबला अंडा-मौसमी फल सभी बच्चों को दिए जाने का प्रावधान किया गया है। विगत दिनों निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक विद्यालय के कमरे में ताला लगा था। खुलवाने पर देखा गया कि एक बाल्टी में उबले अंडे हैं। घटनाक्रम लगभग चार बजे का था। तब तक पंजी में बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। पाया गया कि बच्चों की भौतिक उपस्थित लिए बिना ही अंडे उबाल दिए जाते थे। इसके कारण संसाधन का दुरूपयोग होता है।

## पटना में रुपए के लेनदेन में मारपीट, छह से ज्यादा लोग घायल



निज संवाददाता

**पटना**। पटना में कोतवाली थाना क्षेत्र के लोहानीपुर में रुपए के लेनदेन में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। मारपीट की शिकायत को लेकर एक पक्ष के लोग कोतवाली पहुंच गए। थाने पहुंची चंदा देवी ने बताया कि घर में घुसकर मारा गया है। परिवार के पूरे सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सबिता देवी ने बताया कि मामले की सूचना पर पुलिस भी पहुंची थी, लेकिन दूसरे पक्ष के लोग उनसे ही उलझ गए। महिला पुलिस पदाधिकारी शोभा कुमारी से भी बदसलूकी की गई। मनु कुमार ने बताया कि उनके चाचा लाल बाबू गोस्वामी ने गेल नाम के शख्स से कर्ज लिया था। कर्ज चुकाने के लिए एक दो दिन का समय मांगा था, लेकिन नहीं माने। 50 लोगों के साथ घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। गर्भवती महिला के पेट में भी लात मार दिया। परिवार के सभी सदस्यों को पीटा। बाद में दूसरे पक्ष के लोग भी पुलिस स्टेशन पहुंच गए। दूसरे पक्ष के राजेंद्र सहनी और उसका बेटा महेश भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। थाने पर भीड़ जमा होने के बाद पुलिस ने सभी को कैंपस से बाहर किया। मामले की छानबीन की जा रही है।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के अरियरी थाना क्षेत्र की विमान पंचायत अंतर्गत चवनिया गांव में भूमि विवाद को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में एक पक्ष के लोगों ने लोहे की रॉड से वार कर दूसरे पक्ष के तीन लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में घायल महेंद्र चौहान ने स्थानीय अरियरी थाना में एक प्राथमिकी धारा 307 के तहत दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज होते ही थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार राजवंशी के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर 2 आरोपियों को पकड़ लिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में चवनियां गांव निवासी मंगल चौहान का बेटा शिवनंदन चौहान और शिव नंदन चौहान का बेटा सुभाष चौहान शामिल है। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। हालांकि दोनों पक्ष आपस में गोतिया परिवार का बताया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार पिता और पुत्र को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना में शामिल अन्य आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आरक्षी ही सुरक्षित नहीं, थाने में सिपाही ने किया दुष्कर्म, एक माह पहले लाइन हाजिर हो चुका है आरोपी

**जालौन , एजेंसी।** उरई में कोंच सर्किल के एक थाने में तैनात सिपाही ने साथ में तैनात महिला आरक्षी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला आरक्षी ने करीब एक माह पहले जब इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की महकमे में खलबली मच गई।

थाना में तैनात एक महिला आरक्षी ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि एक माह पहले थाने में तैनात सिपाही कर्मवीर सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अधिकारियों ने एक टीम गठित की और पूरी जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा।

जांच में पाया गया कि आरोपी सिपाही शादीशुदा है। महिला आरक्षी पर दबाव बनाकर उससे दुष्कर्म करता था। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता था। कई बार महिला आरक्षी ने शिकायत करने की कोशिश की लेकिन वह बदनामी के डर से अपनी बात नहीं बता सकी। पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया था। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी डॉ. ईरज राजा ने कहा कि आरोपी सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विभागीय कार्रवाई भी जल्द की जाएगी। पुलिस लाइन में तैनात आरोपी सिपाही कर्मवीर शादीशुदा है, लेकिन वह महिला सिपाही के साथ जबरन दुष्कर्म करता था। महिला का कहना है कि उसने कई बार इसका विरोध किया, लेकिन वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद उसने अधिकारियों से इसकी शिकायत की और थाने में तहरीर दी।

### अखिलेश के मंसूबों पर कल्याण सिंह के बेटे ने फेरा पानी...भाजपा सांसद की चाल से एटा के सपा नेता भी बैचेन

**एटा, एजेंसी।** एटा लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले भाजपा ने बड़ा दांव खेला। सपा से टिकट मांग रहे सेवानिवृत्त मेजर आशीष शाक्य को शुक्रवार को पार्टी की सदस्यता दिला दी। इससे शाक्य मतदाताओं को एकजुट करने की कोशिश की गई है। शुक्रवार को ही सांसद राजवीर सिंह के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम हुए।

मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ सांसद ने फीता काटकर किया। इस दौरान 12 लोगों ने रक्तदान दिया। मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल, एसीएमओ डॉ. सुधीर मोहन, सीएमएस डॉ. एस चंद्रा आदि मौजूद रहे। रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल (अभियांत्रिक) के अंतर्गत एयरटेल रेलवे स्टेशन गुड्स शेड के सुधार और अपग्रेडेशन का 25 करोड़ की योजना का शिलान्यास किया।

जीटी रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संदीप जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। सांसद ने कहा कि भाजपा का मुख्य चुनाव कार्यालय सुरेशपुरी में आरंभ हो चुका है। विधानसभा क्षेत्रों में भी चुनाव कार्यालय बनाए जाएंगे। हमको अपने प्रत्येक बूथ को ग्रेड क, ख , ग के रूप में चिह्नित कर उसका ग्रेड सुधारने के लिए प्रयास करना है। इस दौरान सपा से आए आशीष शाक्य और उनके साथियों को सांसद ने पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। प्रत्येंद्र पाल सिंह पप्पू, पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता, एटा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष गजेंद्र चौहान बबलू, ब्लॉक प्रमुख रवि वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, विजय मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अग्रिम जैन आदि मौजूद रहे।

### डीएम की पत्नी अपूर्वा दुबे बनीं एडीए की उपाध्यक्ष, अतुल वत्स को इसी पद पर भेजे गाजियाबाद

**अलीगढ़ , एजेंसी।** शासन ने लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रशासनिक फेरबदल करते हुए अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं 2016 बैच के आईएएस अतुल वत्स को इसी पद पर गाजियाबाद स्थानांतरित किया है, जबकि उनके स्थान पर डीएम अलीगढ़ विशाख जी की धर्मपत्नी एवं 2013 बैच की आईएएस अफसर अपूर्वा दुबे को एडीए उपाध्यक्ष बनाया गया है। अपूर्वा दुबे यूपीएससी की टॉपर रह चुकी हैं। मूल रूप से अपूर्वा दुबे देवरिया की रहने वाली हैं। उन्होंने आईएएस अधिकारी एवं डीएम विशाख जी से शादी की है।

# सत्ता संग्राम 2024 : कुर्मियों की झंडाबरदार मां या बेटी? ...तय करेगा चुनाव, अपना दल के दोनों धड़ों की चुनौती




**लखनऊ , एजेंसी।** कुर्मी जाति की झंडाबरदार के तौर पर राजनीति करने वाले अपना दल के दोनों धड़ों की नेताओं (मां कृष्णा पटेल और बेटी अनुप्रिया पटेल) के लिए लोकसभा चुनाव कई मायने में चुनौतियों से भरा होगा।

2014 के बाद अलग-अलग होकर एक ही जाति की सियासत करने वाली मां-बेटी इस बार लगातार दूसरा चुनाव एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगी। ऐसे में मां-बेटी सजातीय वोटों की कसौटी पर भी रहेंगी। हालांकि, दोनों दलों के लिए सीटें अभी भले ही तय नहीं हैं, लेकिन लोस चुनाव में मां-बेटी की समाज पर पकड़ की परख तो जरूर ही होगी।

सियासी पंडितों का मानना है कि पांच साल के दौरान अपना दल के राजनीतिक तौर-तरीकों में काफी बदलाव आया है। इसलिए मां-बेटी के दलों में से किसी को कुछ फायदा होगा, तो किसी को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। वैसे भी डॉ. सोनेलाल पटेल ने जिन उद्देश्यों को लेकर अपना दल की स्थापना की थी, वे पार्टी के साथ दो भागों में बंट चुके हैं। लिहाजा बंटवारे के साथ दोनों दलों की प्राथमिकताएं भी अलग-अलग हैं।

**2019 में मां-बेटी की राहें हो गई जुदा :** 2014 के लोस चुनाव में अपना दल एक था, इसलिए कुर्मी समाज भी एकजुट था। 2019 से यह दो धड़ों में बंट गया। अपना दल (कमेरावादी) की कमान कृष्णा पटेल व बड़ी बेटी पल्लवी पटेल के, तो अपना दल (एस) की कमान दूसरी बेटी अनुप्रिया पटेल और दामाद आशीष पटेल के हाथों में है। 2019 के चुनाव में कृष्णा पटेल के नेतृत्व को कोई खास सफलता नहीं मिल पाई थी। अलबत्ता अपना दल (एस) ने मिर्जापुर और सोनभद्र सीट पर विजय हासिल की। कुर्मी बहुल कई सीटों पर वह भाजपा को जिताने में भी मददगार साबित हुआ था।

बीते पांच साल में अपना दल (कमेरावादी) ने सांगठनिक रूप से पार्टी को मजबूत करने की कोशिश की है। पल्लवी पटेल सपा से विधायक भी बन चुकी हैं। माना जा रहा है कि इस बार के चुनाव में सजातीय वोटों को अपने पक्ष में करने को लेकर वह ताकत दिखाएंगी।

हालांकि, पहले के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि कुर्मी समाज जहां भी रहा, एकजुट रहा। इस बार के चुनाव में अपना दल (कमेरावादी) के पीछे सपा खड़ी है, इसलिए माना जा रहा है कि मां-बेटी के नेतृत्व वाले दलों में कुर्मी वोटों के लिए जंग होना तय है।

इन सीटों पर कुर्मी मतदाता ही चुनाव परिणाम में निर्णायक भूमिका निभाता है। इन सीटों में मिर्जापुर, वाराणसी, फूलपुर, इलाहाबाद, बरेली, बांदा, डुमरियागंज, गोंडा, मछलीशहर, सुल्तानपुर, रॉबर्ट्सगंज, पीलीभीत, महराजगंज व प्रतापगढ़ शामिल हैं। माना जा रहा है कि इन सीटों पर मिलने वाले वोट मां-बेटी की सजातीय मतदाताओं पर पकड़ का पैमाना भी बनेंगे।

7.64 प्रतिशत जनसंख्या है प्रदेश में कुर्मी समाज की राजनाथ सरकार की ओर से तैयार कराई गई सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट के मुताबिक 29 सीटों पर बनाते बिगाड़ते हैं समीकरण... प्रदेश की 80 में से करीब 29 सीटें ऐसी हैं जहां पर कुर्मी मतदाताओं की भारी तादाद है।

**अनुप्रिया के योगदान पर भी रहेगी समाज की नजर...:** कुर्मी समाज का नेता होने के दावे तो दोनों खेमों के हैं। माना जा रहा है कि कुर्मी समाज की नजर कृष्णा पटेल से अधिक सत्ताधारी होने के नाते अनुप्रिया पटेल के योगदानों पर होगी। कृष्णा पटेल तो समाज को यह बताकर सहानूभूति बटोरने का प्रयास करेंगी कि वह न तो सत्ता में थीं और न ही उनके पास कोई अधिकार ही था।

### पूर्व मंत्री चौधरी बशीर 12 साल पुराने आपराधिक मामले में बरी, 37 समर्थकों को भी मिली कोर्ट से राहत

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में अदालत ने बिना अनुमति चुनाव के दौरान जुलूस निकालने के आरोप में पूर्व मंत्री चौधरी बशीर और उनके 38 समर्थकों को बरी करने के आदेश किए। केस थाना मंटोला में वर्ष 2012 में दर्ज किया गया था। थाना मंटोला में दर्ज केस के अनुसार एसआई अखिलेश कुमार ने तहरीर में बताया था कि 6 फरवरी 2012 को वह ड्यूटी पर थे। आरोप लगाया कि उसी समय पूर्व विधायक चौधरी बशीर हजारों समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में नामांकन दाखिल करने जा रहे थे। जुलूस में शामिल लोग धार्मिक नारेबाजी और शोर-शराबा कर रहे थे। रास्ता अवरुद्ध हो गया। लोग डर के मारे अपनी दुकानों के शटर गिराने लगे। बिना अनुमति जुलूस निकाला जा रहा था। इस पर चौधरी बशीर के अलावा मोनू, मिस्वाह, आरिफ, बाबू, मुस्तकीम, मुईम, गुड्डू, चांदो, भैय्यू उर्फ एहतिशाम, सगीरो, फैसल, वाहिद, इरफान, इमरान, तौफीक, शाहिद, अलाउद्दीन, खालिद, पप्पू, प्रिंस, मुबीन, असलम, वाहिद, नौशाद, निजामो, गुड्डू, ताहिर, सिराज, सुभान, आदिल, चांद, दानिश, दिलशाद, कदीर, रिजवान, कल्लू एवं मोटा शरीफ के विरुद्ध 125 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 7 सीएलए एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। अभियोजन की ओर से वादी सहित 7 गवाह अदालत में पेश किए गए।

## पंजाबी समाज का बड़ा एलान, भाजपा से टिकट न मिला तो नोटा से देंगे जवाब



**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में कई दशकों से लोकसभा, विधानसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से नेतृत्व नहीं मिलने की कसक पंजाबी समाज में है। शुक्रवार को पंजाबी समाज ने एकजुट होकर हापुड़-मेरठ लोकसभा सीट से पंजाबी समाज के व्यक्ति को टिकट देने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर संपूर्ण समाज का वोट नोटा की तरफ जाने का एलान किया। बता दें कि समाज ने एकजुट होकर राजेश दीवान का नाम प्रस्तावित किया। सर्वसम्मति से राजेश दीवान के नाम को स्वीकार किया गया। इस बात की जानकारी संयुक्त पंजाबी के संस्थापक सदस्य सुरेश छाबड़ा ने छावनी स्थित 22 बी में हुई प्रेसवर्ता में दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेश छाबड़ा ने बताया कि अगर भाजपा ने राजेश दीवान को सांसद के लिए टिकट नहीं दिया तो संगठन संपूर्ण पंजाबी समाज की तीन से चार दिन में आपात बैठक बुलाएगा। टिकट न मिलने की सूरत में संपूर्ण समाज नोटा की तरफ जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाबी समाज भाजपा का जनसंघ के समय से कट्टर समर्थक रहा है।

संस्थापक सदस्य मनमोहन सिंह अहूजा ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से हम अपनी बात पार्टी हाईकमान तक पहुंचा रहे हैं। लोकसभा सीट हापुड़-मेरठ में पंजाबियों की संख्या दो लाख के आसपास है। भाजपा ने अभी तक पंजाबियों को लोकसभा में मौका नहीं दिया है। ऐसे में पंजाबी समाज में भारी आक्रोश है।

संस्थापक सदस्य सुरेश सज्जनहार ने कहा कि दीवान परिवार जनसंघ के काल से भाजपा से जुड़ा है। अगर भाजपा को 400 सीट का लक्ष्य प्राप्त करना है तो पंजाबी को मौका दिया जाना चाहिए। इस दौरान रवि वोहरा, सतीश महाजन, पवन अहूजा, राजकुमार तनेजा, डॉ. एसके सूरी, सरदार राजेंद्र सिंह, सुनील वाधवा, पवन सोंधी, तिलक नारंग, महेश शर्मा आदि रहे।

## यात्री सुविधाओं में देश में तीसरे नंबर पर वाराणसी एयरपोर्ट, विश्व में मिला 43वां स्थान



**वाराणसी , एजेंसी।** यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और माहौल देने में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को देश में तीसरा स्थान और विश्व में 43वां स्थान मिला है। देश में पहले नंबर पर इंदौर एयरपोर्ट है। एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी को लेकर साल 2023 की आखिरी तिमाही में हुए सर्वेक्षण के दौरान यह उपलब्धि मिली है। चेन्नई एयरपोर्ट दूसरे स्थान पर है।

हालांकि चेन्नई और वाराणसी 4.90 अंक के साथ बराबरी पर हैं, लेकिन विश्व रैंकिंग में वाराणसी से ऊपर रहने के कारण चेन्नई को दूसरा स्थान मिला है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार यात्रियों को मुहैया होने वाली सुविधाओं को लेकर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) की ओर से एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) के बारे में सर्वे कराया जाता है।

अक्तूबर 2023 से दिसंबर 2023 तक आखिरी तिमाही सर्वे में वाराणसी एयरपोर्ट को 4.90 की रेटिंग मिली है। वर्ष 2022-23 में 4.97 अंक के साथ वाराणसी एयरपोर्ट प्रथम स्थान पर था। उस लिहाज से वाराणसी एयरपोर्ट शीर्ष स्थान से दो अंक लुढ़ककर तीसरे स्थान पर आ गया। एयरपोर्ट अधिकारियों का दावा है कि कि अगले वर्ष हम फिर से शीर्ष पर काबिज रहेंगे।

सर्वे में इंदौर, गोवा, अमृतसर, वाराणसी के अलावा कोलकाता, रायपुर, कालीकट, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, चेन्नई, श्रीनगर आदि एयरपोर्ट शामिल थे। सर्वे के दौरान यात्रियों से एयरपोर्ट पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया गया था, जिसमें एयरपोर्ट पर वाहन सुविधा, पार्किंग और शुल्क चेकिंग और सुरक्षाकर्मियों की दक्षता और उनका व्यवहार सुरक्षा जांच और जांच में लगने वाला समय टर्मिनल भवन में चलने की दूरी, फ्लाइट इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम, खाने पीने की सुविधाएं शामिल थी।

इसके अलावा बैंक एटीएम, शॉपिंग, इंटरनेट वाईफाई, बाथरूम टॉयलेट, टर्मिनल की स्वच्छता, एयरपोर्ट का वातावरण, पैकेज डिलिवरी सिस्टम समेत कुल 35 सवालों का एक फीडबैक फॉर्म भरा गया था, जिस का सत्यापन एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल टीम द्वारा किया गया है।

## गिरफ्तारी के बाद पिस्टल बरामद करने गई पुलिस पर बदमाश ने झोंकी फायरिंग, मुठभेड़ में अरेस्ट

**भदोही, एजेंसी।** भदोही जिले के कोतवाली क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में एलएलबी छात्र अमित हत्याकांड में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को शनिवार को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद हत्या में इस्तेमाल पिस्टल की बरामदगी के लिए उसे लेकर उक्त स्थान पर पुलिस पहुंची तो आरोपी ने पिस्टल उठाकर फायर झोंक दिया। जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए औराई सीएचसी में पहुंचाया गया है।

**यह है पूरा मामला:** औराई कोतवाली के पुरुषोत्तमपुर गांव के पास बीते सोमवार की सुबह एलएलबी छात्र अमित की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में पुलिस ने बीते बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सोने की तस्करी को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी।

हत्याकांड में फरार चल रहे अन्य आरोपियों के साथ हत्या में प्रयुक्त पिस्टल की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में तीसरे आरोपी अंकित निवासी दुगुना, कोईरौना का नाम सामने आया। शनिवार की सुबह पुलिस ने उसे माधोसिंह के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने तहसील के पास सुनसान इलाके में पिस्टल रखने की जानकारी दी।

पुलिस अभियुक्त को लेकर उस जगह पर पिस्टल की बरामदगी के लिए पहुंची। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचते ही आरोपी ने झाड़ी से पिस्टल निकालकर पुलिस पर फायर झोंक दिया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की ओर से जवाब कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे औराई सीएचसी में भर्ती कराया है। एएसपी तेजबीर सिंह ने बताया कि अमित हत्याकांड में फरार चल रहे तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पिस्टल की बरामदगी के लिए लेकर आया गया था। जहां उसने झाड़ी से पिस्टल निकालकर पुलिस पर ही फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। औराई में उसका उपचार चल रहा है।

## स्मृति ईरानी ने आशा बहुओं का किया सम्मान, बोलीं- परिजनों संग रामलला का दर्शन मुफ्त में करवाए जाएगा



**अमेठी , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने शनिवार को अमेठी के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित आशा सम्मेलन में भाग लिया साथ ही सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1809 आशा बहुओं के सम्मान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम श्रेणी में पांच हजार रुपए बहनों को दिया गया है। दूसरी श्रेणी में दो हजार और तीसरी श्रेणी में एक हजार रुपए दिया गया। आशा संगनी को प्रथम श्रेणी में पांच हजार, द्वितीय श्रेणी में तीन हजार और तृतीय श्रेणी में एक हजार रुपए दिया गया है। उन्होंने कहा कि कहा कि 700 आशा बहुओ को आज जिले में सम्मान मिला है। 81 सौ बहनों को मात्र वंदना के तहत 6 हजार रुपए मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आशा बहू अपने परिवार के साथ राम लला के दर्शन करने निःशुल्क जाएंगी।

## वाराणसी के 62 चौराहों पर 3 घंटे 138 महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली ट्रैफिक की कमान

**वाराणसी, एजेंसी।** कमिश्नरेट में तैनात 138 महिला पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार की सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक जिले के 62 चौराहों पर यातायात व्यवस्था की कमान संभाली। खास बात यह रही कि महिला पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था का संचालन करने के दौरान लोगों को हेलमेट पहनने और ट्रैफिक के नियमों का पालन करने की अपील भी कर रही थीं।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने शुक्रवार को शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर नया प्रयोग किया। एसीपी, थानाध्यक्षों, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर को निगरानी के लिए लगाकर उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था के संचालन की सीधी जिम्मेदारी सौंपी। तीखी धूप के बीच महिला पुलिसकर्मियों ने बेहतर तरीके से यातायात व्यवस्था का संचालन किया।

गोदौलिया जैसे भीड़भाड़ वाले व्यस्त चौराहे के इर्द-गिर्द महिला पुलिसकर्मियों ने सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन नहीं खड़े होने दिए। वहीं, सभी प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था का संचालन महिला पुलिसकर्मियों को करते देख शहरवासी भी एकबारगी हैरत में दिखे। इसके अलावा शाम के समय पांच बजे से रात आठ बजे तक प्रत्येक थाना क्षेत्र में महिलापुलिस कर्मियों ने पैदल गश्त की। आमजन से महिला पुलिस कर्मियों ने अपील की कि आम चुनाव और आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ रहें।

**अच्छा अनुभव रहा, आगे भी मौका मिलेगा तो करेंगे:** गोदौलिया क्षेत्र में आरक्षी अर्चना यादव, लक्ष्मी देवी, पूजा सिंह, श्वेता, अंशिका सिंह, प्रिया सागर, बीटू तिवारी और शशि सिंह की ड्यूटी लगाई गई थी।

यातायात व्यवस्था के संचालन का अनुभव महिला आरक्षियों से पूछा गया तो उनका कहना था कि उन्हें अच्छा लगा और आत्मविश्वास बढ़ा है। आगे भी ऐसे अवसर मिलेंगे तो हम सभी पूरे दमखम के साथ ड्यूटी करेंगे।





### मदन सिंह गर्बियाल बने केडीए वीसी, बोले- जनता की समस्याओं का समयबद्ध और त्वरित निस्तारण करें

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में शासन ने आईएएस मदन सिंह गर्बियाल को केडीए वीसी बनाया है। उन्होंने सुबह ही केडीए आकर कार्यभार ग्रहण किया। प्राधिकरण कार्यालय पहुंचने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उपाध्यक्ष का स्वागत किया गया। नए वीसी ने प्राधिकरण सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने सर्वप्रथम प्राधिकरण के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके द्वारा देखें जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी ली। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनमानस की समस्याओं को समयबद्ध और त्वरित गति से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए। साथ ही, शासन व प्राधिकरण की सभी परियोजनाओं को समयान्तर्गत पूरा कराया जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### एदो वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव निवासी बबन राम और जोबे गांव निवासी रामसूरत पासवान को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पीएसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों लोगों पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 18 मार्च को आयोजित होगा होली मिलन समारोह

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के अनुग्रह नारायण स्टेडियम परिसर मे 18 मार्च को वृहद होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह त्रिविक्रम नारायण सिंह, गोविंद नारायण सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर लोक गायिका ज्योति माही एवं गायक चंदन कुमार के साथ रंगारंग सांस्कृतिक होली। गायन कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा।

### देसी शराब व बाइक हुआ बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नबीनगर के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा बाजार के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश एवं सशस्त्र बल के द्वारा झारखंड निर्मित 180 एमएल के 7 बोतल टनाका देशी शराब और बाईक बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को देख माली थाना क्षेत्र के कसौटीया गांव निवासी राजु यादव भागने मे सफल रहा। देशी शराब और बाईक को जप्त कर थाना लाया गया तथा मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### विदेशी शराब, बीयर व बाइक समेत धंधेबाज गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के माली थाना क्षेत्र में नबीनगर-माली पथ से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के द्वारा झारखंड में निर्मित 500 एमएल के 36 बोतल बियर और 375 एमएल के दो बोतल रॉयल स्टैग विदेशी शराब और बाइक समेत बारूण थाना क्षेत्र के सोहर बिगहा निवासी संदीप कुमार को पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की बियर तथा विदेशी शराब और बाईक को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मामले में दो गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के माली थाना क्षेत्र के रेगनिया मंझौली गांव निवासी मुन्ना राम और सिंदुरिया गांव निवासी राजु सिह को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिह एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों लोगों पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था, जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### वर्षगांठ समारोह आयोजित

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप स्थित न्यू स्टाइल मार्ट मॉल का दो साल पूरा होने पर वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधन सिंह, मनोज सिंह, संतोष सिंह, जयप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। समाजसेवी मनु सिंह सनी सिंह ने बताया कि लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। सस्ते दामों पर जरूरत का सारा कपड़ा मिलेगा। यहां से कपड़ा खरीद सकते हैं। इस दौरान धनजय सिंह, अंबुज सिंह, रामानुज सिंह, राणा सिंह, रणधीर कुमार, रितेश कुमार, संजीव कुमार, प्रत्युष कुमार, प्रकाश झा समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने की प्रेसवार्ता

# लोस चुनाव की घोषणा किए जाने के साथ ही औरंगाबाद में आदर्श आचार संहिता लागू

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही बिहार के औरंगाबाद में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। औरंगाबाद के जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को शाम यहां प्रेसवार्ता में औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में चुनाव होना है। इसके लिए 20 मार्च को निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित है। इसके बाद 30 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। वही 2 अप्रैल तक अभ्यर्थी अभ्यर्थिता वापस ले सकेंगे। इसके बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। इस दौरान 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। वही मतगणना 4 जून को होगी और 6 जून को निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में छः विधानसभा क्षेत्र है। इनमें औरंगाबाद जिले के तीन और गया जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल है। सभी छः विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग अधिकारी सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में काम करेंगे। इस क्रम में कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र के लिए औरंगाबाद के अपर समाहर्ता, औरंगाबाद विस क्षेत्र के लिए औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, रफीगंज के लिए उप विकास आयुक्त, गया जिले के गुरुआ विस के लिए गया के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक लेखा प्रशासन व स्वनियोजन, इमामगंज के लिए गया के अपर समाहर्ता( विभागीय जांच ) एवं टिकारी विधानसभा क्षेत्र के लिए टिकारी के अनुमंडल पदाधिकारी सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाए गए है। कहा कि कुटुम्बा विस क्षेत्र में 297, औरंगाबाद में 338, रफीगंज में 367, गुरुआ में 337, इमामगंज में 344 एवं टिकारी विधानसभा क्षेत्र में 357 बूथ बनाए गए है। इनमें 15 मार्च तक के अपडेट के अनुसार कुल 18 लाख 69 हजार 727 मतदाता है। इनमें 9 लाख 76 हजार 963 पुरुष, 8 लाख 92 हजार 731 महिला और 33 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन के लिए दो दर्जन कोषांग बनाए गए है। इनमें मानव शक्ति प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, परिवहन प्रबंधन, कंप्यूटराइजेशन- सायबर सिक्योरिटी व आइटी, कानून व्यवस्था-वीएम व सुरक्षा योजना, स्वीप, इवीएम प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, व्यय पर्यवेक्षण, बैलेट पेपर-पोस्टल बैलेट व इटीपीबीएमएस, मीडिया- एमसीएमसी- पेड न्यूज, संचार योजना, इलेक्टोरल रोल, शिकायत निवारण व वोटर हेल्पलाइन, पर्यवेक्षक, नामांकन, पर्सनल वेलफेयर, स्ट्रांग रूम सह मतगणना, जिला निर्वाचन, जिला नियंत्रण कक्ष, कोविड-19 एवं सिंगल विंडो कोषांग शामिल है। इन कोषांगों के संचालन के लिए अलग-अलग अधिकारी नोडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी नामित किए गए है। कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे है। प्रेसवार्ता में औरंगाबाद के एसडीपीओ-1 संजय कुमार पांडेय ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई लगातार जारी है। इसके तहत 7913 लोगो को धारा 107 की कार्रवाई के लिए चिंहित किया गया है। इनमें 2756 से बंधपत्र भराए गए है। 985 वारंट एवं 46 कुर्की के मामलों का निष्पादन किया गया है। 44 के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई की गई है। 1547 लाइसेंसी हथियारों में 1045 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। अंतर्राज्यीय सीमा के रूप में चिंहित 10 एवं अंर्तजिला सीमा के रूप में चिंहित 16 स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिदिन एरिया डोमिनेशन एवं डी- माईनिंग की कार्रवाई की जा रही है। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय सुरक्षा बलों की मांग की गई है। अभी 6 कंपनी उपलब्ध हो गई है। अपेक्षा के अनुरूप शेष भी शीघ्र उपलब्ध हो जाएंगे। मतदान के दिन 50 प्रतिशत बूथ सीसीटीवी सर्विलांस पर रहेंगे।

# सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार, चार फरार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद ।** अवैध हथियार के साथ दो नक्सलियों को पौथू थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। जबकि चार मौके से फरार हों गए। ये सभी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक थे, लेकिन इसके पुर्व ज़िला पुलीस एवं एसटीएफ पटना ने संयुक्त कार्रवाई में दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो देसी पिस्टल, दो फायर किया हुआ खोखा, 11 जिंदा कारतूस एवं एक लिखा हुआ माओवादी का पर्चा बरामद किया गया है। पकड़े गए नक्सली की पहचान ज़िले के गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत जुझारपुर गांव निवासी 52 वर्षीय ललन यादव एवं काली बिगहा गांव निवासी 26 वर्षीय सर्वेश भगत उर्फ श्रवण निराला के रूप में की गई है। प्रेस वार्ता अयोजित कर अपने कार्यालय कक्ष में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन संजय कुमार पांडे ने कहा कि बीते दिनों ईट भट्ठा मालिक से फोन पर रंगदारी मांगने की सूचना मिली थी जिसके अलोक में एक टीम का गठन किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर छानबीन की जा रही थी। इसी क्रम में सूचना के सत्यापन को लेकर पौथू थाना क्षेत्र के बनाही कर्मा जाने वाली मुख्य सड़क से उत्तर की ओर पगडंडी पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को देख छह नक्सली पिस्टल से फायर करने लगें। मौक़े पर थानाध्यक्ष आकाश कुमार द्वारा सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य नक्सली मौक़े से फरार हों गए। पकड़े गए नक्सली ललन यादव का अपराधिक इतिहास रहा है। वहीं सर्वेश भगत उर्फ श्रवण निराला का पता लगाया जा रहा है। यह कार्रवाई जिला पुलिस एवं एसटीएफ पटना की संयुक्त छापेमारी की गई। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि संदर्भ में कांड दर्ज़ कर फरार नक्सलियों की तलाश की जा रही है। वहीं इन पकड़े गए नक्सलियों को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। इनकी गिरफ्तारी से नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फिर गया। इनके विरुद्ध निरंतर

# बाल विवाह उन्मूलन के तहत जागरुकता कार्यक्रम

निज संवाददाता



**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** महिला एवं बाल विकास निगम एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह उन्मूलन के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुंबा प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र जगदीशपुर में कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, जिला समन्वयक एवं सेंटर प्रशासक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लङके की शादी करना कानूनन जुर्म है और ऐसी शादी को बाल विवाह माना जाता है। इस तरह का जुर्म करने वालों के लिए कानून में दो वर्ष का कारावास और एक लाख के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस तरह की शादी में शामिल होने वाले लोगों,पंडित, मौलवी, टेंट, केटरर, बाजा- बत्ती एवं बारात को भी सजा देने का प्रावधान कानून में है। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह से होने वाले हानियों के बारे में बताए।

आप सभी बाल विवाह को रोकें तथा कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले तो तुरंत इसकी शिकायत संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी,थाना प्रभारी, मुखिया,सरपंच अथवा महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर 181 पर दें। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एएव बाल विकास निगम, जिला समन्वयक एवं सेंटर प्रशासक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाङी सेविका, सहायिका एवं महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित हुए।

# 3224 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ ट्रक किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के एरका चेक पोस्ट से उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक ट्रक को जब्त किया है और एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी देते हुए एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई के फलस्वरूप एक ट्रक से लदा अंग्रेज़ी शराब बरामद किया गया है। जिसकी कुल मात्रा 3224 लीटर हैं।साथ ही मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पंजाब के गुरदासपुर ज़िला अंतर्गत कलानौर थाना क्षेत्र के बिशनकोट गांव निवासी सुखवंत सिंह के रूप में की गई है।उन्होंने बताया कि पूछ-ताछ में तस्कर ने बताया कि डिमांड के अनुसार शराब को पंजाब से लाया जा रहा था और एक निश्चित जगह पहुंचाना था। पकड़े गए शराब की कीमत 30 लाख से अधिक रुपए बताई जा रही है।

# सदर अस्पताल से मेडिकेटेड सामग्रियों के चोरी होने का सामने आया मामला

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले के सदर अस्पताल के माइनर ओटी से मेडिकेटेड सामग्रियों के चोरी होने का एक मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत राजन ने बताया कि मीडिया के द्वारा प्राप्त सूचना के आलोक में जब माइनर ओटी की जांच की गई तो पाया गया कि वहां ट्रेनिंग से ज्यादा जीएनएम प्रशिक्षु मौजूद है। उन्हे चिन्हित कर चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि माइनर ओटी से सामग्रियों की चोरी को लेकर लगातार निरीक्षण किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिनकी ड्यूटी है वही लोग माइनर ओटी या अन्य वार्ड में रहे अन्यथा बगैर ड्यूटी के पाए जाएंगे तो उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिनकी ड्यूटी के दौरान चोरी की घटना घटेगी उन पर कारवाई की जायेगी।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यशाला का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में शनिवार को प्राण संस्था ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ ही वार्षिक कार्यशाला का आयोजन मोटेल जे.के, औरंगाबाद में किया। इस कार्यक्रम में प्राण के मुख्य कार्यकर्ता अनिल कुमार वर्मा, प्रोफेसर आरपीसीएयू पूसा रत्नेश कुमार झा, केवीके औरंगाबाद के सीनियर साइंटिस्ट एवं हेड डॉ. विनय कुमार मंडल, आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड के सीनियर जोनल हेड अभिषेक सिंह भार्गव एवम अन्य समस्ता कार्यकर्ता, जीविका के लाइवलीहुड मैनेजर मधुरेन्द्र, प्राण संस्था के कार्यकर्ता, और रफीगंज और औरंगाबाद प्रखण्ड के विभिन्न गांवों से लगभग 200 से अधिक ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

प्राण संस्था ने आईआईएफएल समस्ता के वित्तीय सहयोग से रफीगंज और औरंगाबाद प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में लगभग 400 महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। प्राण संस्था ने ग्रामीण महिलाओं को मशरूम खेती, बकरी पालन, किराना दुकान, सब्जी ठेला, सिलाई-कढ़ाई स्वरोजगारों से जोड़कर ग्रामीण गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। इस कार्यशाला का उद्घाटन सीनियर जोनल हेड अभिषेक सिंह भार्गव ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस कार्यशाला में विभिन्न महिलाओं को पुरुष्कृत कर मनोबल बढ़ाया गया और जिन महिलाओं ने सिलाई का प्रशिक्षण पूरा किया, उन्हें सर्टिफिकेट भी वितरित किया गया।

# ईंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र की ट्रेन से कटकर मौत, अभय राज के रुप में हुई पहचान

- **धावा नदी रेल पुल के पास तेज गति से अप लाइन से आ रहे मालगाड़ी से कटकर मौत हो गयी। घटना के करीब पांच घंटे तक शव अज्ञात था।**

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिम पोल संख्या 508/27-29 के बीच धावा नदी ब्रिज के समीप आज शनिवार के सुबह अज्ञात ट्रेन के चपेट में आ जाने से एक अज्ञात 25 वर्षीय युवक मौत हो गई। मृतक की पहचान इंजीनियरिंग कॉलेज अरथुआ के बी.टेक थर्ड सेमेस्टर के छात्र 21 वर्षीय अभय राज के रुप मे हुई है। अभय राज की आज शनिवार की सुबह कॉलेज से 10 किलोमीटर दूर धावा नदी रेल पुल के पास तेज गति से अप लाइन से आ रहे मालगाड़ी से कटकर मौत हो गयी। घटना के करीब पांच घंटे तक शव अज्ञात था। पांच घंटे बाद शव की पहचान हुई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने बताया कि अभय करीब 6.30 बजे कॉलेज से बाहर निकला था। काफी देर तक नहीं आने के बाद अन्य छात्रों ने इसकी सूचना हमे दिया। सूचना पाकर खोजबीन किया गया। 11 बजे तक पता नहीं चलने पर कासमा थानां में मिसिंग का आवेदन दिया गया। आवेदन देने के करीब आधे घंटे बाद थाना द्वारा सूचना दिया गया कि रफीगंज में धावा नदी रेल पुल के पास एक नवयुवक ट्रेन से कट गया है जिसकी पहचान अभय के रूप में किया गया। छात्र गया जिलान्तर्गत खिजरसराय थानां के सरबदा गांव निवासी विपिन कुमार का पुत्र है। मृतक छात्र अपना मोबाइल कॉलेज मे ही छोड़कर ही निकला था। प्रभारी थानाध्यक्ष कविता कुमारी ने बताया कि मामले को ले यूडी केश दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।अ भय की मौत पर कई तरह की चर्चा शुरू है।

# शिक्षक भर्ती : पेपर लीक मामले में उच्चस्तरीय जांच के बाद होगा फैसला

- **इधर जानकारों की मानें तो शुक्रवार को हुई पहली पाली में छठी से आठवीं कक्षा का पेपर लीक हुआ है। इसमें सिर्फ सामाजिक विज्ञान विषय का प्रश्न मिलने की बात सामने आ रही है।**

निज संवाददाता

**पटना।** शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो चुकी है। शनिवार को पेपर लीक मामले की जांच कई स्तरों पर की गई। आयोग के अधिकारियों से आर्थिक आपराधिक इकाई के अधिकारी ने कई स्तरों पर बातचीत की गई है। लेकिन अब तक इसपर अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है। पेपर कहां से लीक हुआ है। पेपर लीक का मुख्य स्रोत की जानकारी ली जा रही है। इसकी जांच अभी हो रही है।

हालांकि हजारीबाग से पकड़े गए सॉल्वर गैंग से जानकारी ली जा रही है। इधर आयोग का दावा है कि 26 जिलों के 415 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा हुई। किसी भी जिलाधिकारी की ओर से गड़बड़ी या पेपर लीक संबंधी रिपोर्ट नहीं दी गई। प्रश्न-पत्र ट्रेजरी में भेजा गया था। वहीं से केन्द्रों पर प्रश्न पत्र भेजा गया। इसकी वीडियोग्राफी भी हुई।

इधर जानकारों की मानें तो शुक्रवार को हुई पहली पाली में छठी से आठवीं कक्षा का पेपर लीक हुआ है। इसमें सिर्फ सामाजिक विज्ञान विषय का प्रश्न मिलने की बात सामने आ रही है। वह भी परीक्षा शुरू होने के बाद सूचना वायरल हुई है। शेष अन्य विषयों का पेपर मिला भी नहीं। जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था सभी को अलग-अलग से जगहों से पकड़ लिया गया। बिहार लोक सेवा आयोग के नए अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने शनिवार को पदभार संभाल लिया। उन्होंने अधिकारियों से विभाग के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अभी जांच चल रही है। अब तक परीक्षा को रद्द करने और रद्द नहीं करने को लेकर कोई निर्णय नहीं गया है। मामले की जांच के बाद ही निर्णय संभव है। इसमें एक से दो दिनों का समय लगेगा।

# लोकसभा चुनाव 2024 : आदर्श आचार संहिता में फंसीं पटना की 1150 योजनाएं

**पटना(नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता से जिले में 1150 योजनाएं प्रभावित हुई हैं। इन योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली थी इसलिए चुनाव होने तक योजनाएं क्रियान्वित नहीं होंगी। अगले ढाई माह तक नई योजनाओं पर किसी प्रकार का काम नहीं होगा। जिन विभागों की योजनाएं प्रभावित हुई हैं उनमें जिला परिषद, बुडको, नगर निगम, भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग आदि शामिल है। जिला परिषद की 700 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है, क्योंकि परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद रिक्त पड़ा है। जिला परिषद अध्यक्ष का मामला पंचायती राज विभाग के विचाराधीन है, जबकि नये उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है। इसलिए चयनित योजनाओं को लेकर जिला परिषद की सामान्य बैठक नहीं हुई। ग्रामीण इलाके में नली गली, सड़क, तालाब आदि के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए 15वें वित्त आयोग ने 17 करोड़ और छठवें वित्त आयोग ने 10 करोड़ रुपये दिया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ही योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकता है। इस बीच चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई, जिससे अब ग्रामीण इलाकों में इस मद से योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होगा।

# एएनएस कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एएनएस कॉलेज नवीनगर में सिस्टम की जटिलताओं और लाभों पर एक दिवसीय व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य छात्रों को सीबीसीएस की बेहतर समझ और उनकी शैक्षणिक यात्रा पर इसके प्रभाव से लैस करना था। कॉलेज के प्रोफेसर डॉ मदन रजक, प्रो मुकेश रंजन, प्रो कुमार ऋत्विक, प्रो जयप्रकाश, प्रो अक्षय जैन, प्रो अरुण कुमार एवं डॉ आफताब अहमद फरीदी ने कार्यशाला में छात्रों को नई शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस ढांचे की बारीकियों को समझाया। इंटरैक्टिव सत्रों और प्रस्तुतियों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने यह जानकारी प्राप्त की कि सीबीसीएस कैसे अंतःविषय सीखने की सुविधा प्रदान करता है, कौशल विकास को बढ़ावा देता है और समग्र शैक्षणिक लचीलेपन को बढ़ाता है। प्राचार्य, डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने आज के शैक्षिक परिदृश्य में सीबीसीएस को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'सीबीसीएस प्रणाली छात्रों को उनकी रुचियों और करियर आकांक्षाओं के अनुसार उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को तैयार करने का अधिकार देती है, जिससे समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। उपस्थित प्रतिभागियों ने उच्च शिक्षा की जटिलताओं को दूर करने में इसकी प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला की सराहना की। कुछ छात्रों ने कहा, 'सीबीसीएस को समझना हमारी शैक्षणिक यात्रा के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला अविश्वसनीय रूप से ज्ञानवर्धक रही है। कार्यशाला के सफल समापन के साथ, एएनएस कॉलेज ने समग्र शैक्षिक अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की जो छात्रों को एक गतिशील शैक्षिक वातावरण में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाता है। जो आगे आने वाले अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए तैयार होते हैं।

# 71 डीएसपी और प्रशासनिक सेवा के 3 अफसरों का तबादला




निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेर बदल किया गया है। 71 डीएसपी और बिहार प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। गृह विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले 14 मार्च को भी 153 डीएसपी और 12 डीटीओ का तबादला किया गया था। इसे चुनाव से पहले सीएम नीतीश की बड़ी प्रशासनिक सर्जरी मानी जा रही है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे पंकज कुमार को डीएसपी डीआईजी कार्यालय शाहाबाद बनाया गया है। राजेश कुमार-1 को डीएसपी मुख्यालय मुजफ्फरपुर और अनुराधा सिंह को डीएसपी ईओयू बनाया गया है। जबकि आईपीएस किरण कुमार गोरख जाधव को राज्यपाल के परिसहाय पुलिस बनाया गया है।

ESTD-2014
UDISE CODE-10340301904
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to Xth
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela
ADMISSION IS GOING ON

Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
La'dev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in